
# तुर्की से सलीम डोला की वापसी बड़ी उपलब्धि

## ड्रग तस्करी नेटवर्क के तहत डोला को भारत लाया गया : शाह

▸ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर एन सी बी की बड़ी जीत

**नयी दिल्ली 28 अप्रैल केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नार्को सिंडिकेट के खिलाफ सरकार की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति के अनुरूप, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ( एन सी बी ) ने तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है.**

श्री शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा , ' मोदी सरकार की नार्को सिंडिकेट के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत एन सी बी ने तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को वापस लाने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। ' उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल को पूरी तरह से खत्म करने के सरकार के मिशन के तहत, हमारी नार्कोटिक्सरोधी एजेंसियों ने वैश्विक एजेंसियों के एक मज़बूत नेटवर्क के ज़रिए सीमाओं के पार भी अपनी पकड़ बना ली है। उन्होंने कहा कि ड्रग सरगना कहीं भी छिप जाएं, अब उनके लिए कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है।



सलीम डोला की वापसी सरकार के सभी नार्कोटिक्स भगोड़ों और संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्यों को कानून के कटघरे में लाने के मज़बूत इरादे को दर्शाती है। एन सी बी ने अंतरराष्ट्रीय और भारतीय खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर, 'ऑपरेशन ग्लोबल-हंट' के तहत वांछित ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला को तुर्की से वापस लाने में सफलता हासिल की है। सुबह यहां इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर पहुँचते ही एन सी बी ने उसे हिरासत में ले लिया. सलीम डोला (59 वर्ष, मुंबई निवासी) के खिलाफ मार्च, 2024 में भारत के अनुरोध पर इंटरपोल रेड नोटिस जारी किया गया था। भारत में कई नशीले पदार्थों की तस्करी के मामलों में मुकदमा चलाने के लिए उसकी तलाश थी और वह भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों की गिरफ्त से बाहर था.

> डोला के दो दशकों के आपराधिक इतिहास में महाराष्ट्र और गुजरात में हेरोइन, चरस, मेफेड्रोन, मैंड्रेक्स और मेथामफेटामाइन की बड़ी खेप पकड़े जाने से जुड़े मामलों में डोला की सीधी भूमिका है। सलीम डोला की भूमिका भारत में निचले स्तर के वितरण नेटवर्क के लिए एक थोक सप्लायर के रूप में लगातार सामने आती रही है। इसके अलावा, गुजरात ए टी एस और मुंबई पुलिस को भी उसकी तलाश थी। इससे पहले, उसके बेटे ताहिल सलीम डोला और अन्य सहयोगियों को 2025 में संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पण के बाद मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था.

# भाजपा के गढ़ में ओवैसी ने मारी एन्ट्री

▸ गुजरात में सियासी बदलाव

**गांधीनगर, 28 अप्रैल राजनीतिक रूप से भाजपा का मजबूत गढ़ माने जाने वाले गुजरात में इस बार निकाय चुनाव के नतीजों ने चौंकाने वाले संकेत दिए हैं। जहां एक ओर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश में रही, वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी और एआईएमआईएम ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है.**

कच्छ के भुज में एआईएमआईएम ने पहली बार जीत दर्ज कर अपना खाता खोला।



असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के तीन उम्मीदवारों की जीत ने यह संकेत दिया है कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में मतदाता नए विकल्पों को स्वीकार कर रहे हैं। भाजपा के मजबूत प्रभाव वाले इस इलाके में एआईएमआईएम की एंट्री राजनीतिक विश्लेषकों के लिए खास मायने रखती है।

### ▸ कुटियाना में सपा का जलवा

पोरबंदर के कुटियाना से लेकर कच्छ के भुज तक, इन दलों ने जीत दर्ज कर यह संकेत दिया है कि मतदाता अब पारंपरिक विकल्पों से आगे सोच रहे हैं। खासतौर पर अखिलेश यादव की सपा और असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम का प्रदर्शन आने वाले समय में राज्य की राजनीति को प्रभावित कर सकता है। पोरबंदर जिले के कुटियाना नगर पालिका में समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार रभीबेन कानाभाई रायगा की जीत ने सबका ध्यान खींचा है। यह जीत सिर्फ एक सीट की नहीं, बल्कि उस राजनीतिक संदेश की है जो बताता है कि अखिलेश यादव की पार्टी अब गुजरात जैसे राज्य में भी अपनी जमीन तलाश रही है.



## डोडा में लगे पाकिस्तान समर्थक पोस्टर

**डोडा 28 अप्रैल.** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में उस समय माहौल अचानक गर्म हो गया, जब पुल डोडा इलाके की दीवारों पर पाकिस्तान से जुड़े विवादित पोस्टर दिखाई दिए। इन पोस्टरों के सामने आते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोगों के बीच चिंता का माहौल बन गया। पोस्टरों में शहबाज शरीफ, असिम मुनीर और पाकिस्तानी झंडे की तस्वीरें लगी हुई थीं, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया.

# केजरीवाल और सिसोदिया ने किया सत्याग्रह

▸ सत्याग्रह के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल. आम आदमी पार्टी ( आप ) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और वरिष्ठ नेता एवं पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर नमन करते हुए सत्याग्रह के मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया.**

श्री केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि आज मनीष सिसोदिया और अन्य साथियों के साथ राजघाट पहुंच कर राष्ट्रपिता



महात्मा गांधी जी को नमन किया। मेरी बापू से यही प्रार्थना है कि उनके दिखाए सत्याग्रह के मार्ग पर चलने के हमारे संकल्प को वे सदैव शक्ति दें. मेरा अटूट विश्वास है कि बापू के आशीर्वाद से, सत्याग्रह के इस कठिन पथ पर हम पूर्ण निष्ठा के साथ अडिग रहेंगे. बाद में मीडिया से बातचीत के दौरान श्री केजरीवाल ने कहा कि मामला अदालत का है.

### आज का इतिहास

1639 दिल्ली में शाहजहां ने ऐतिहासिक लाल किले की नींव रखी.

1661 चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा किया.

1813 अमेरिका में जेएफ हम्मेल ने रबर का पेटेंट कराया.

1848 मशहूर चित्रकार राजा रवि वर्मा का जन्म.

1903 महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका के ट्रांसवाल हाईकोर्ट में लीगल प्रेक्टिस शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की .

1920 महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन.

1930 ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेलिफोन सेवा की शुरुआत हुई.

# दक्षिण हरियाणा में सियासी जंग

▸ राव बनाम कैप्टन आमने-सामने



**चंडीगढ़, 28 अप्रैल क्षिण हरियाणा के रेवाड़ी और धारूहेड़ा में निकाय चुनाव ने सियासी तापमान बढ़ा दिया है। यह चुनाव अब सिर्फ नगर परिषद या नगरपालिका के गठन तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि यह दो कद्दावर नेताओं— राव इंद्रजीत सिंह और कैप्टन अजय सिंह यादव—के बीच प्रतिष्ठा की सीधी लड़ाई बन चुका है.**

रेवाड़ी नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी ने विनीता पीपल को मैदान में उतारा है, जिन्हें राव इंद्रजीत का करीबी माना जाता है। पार्टी में कई दावेदार होने के बावजूद टिकट वितरण में राव का प्रभाव साफ तौर पर देखा गया। दूसरी ओर कांग्रेस ने निहारिका चौधरी पर दांव खेला है, जिन्हें कैप्टन अजय यादव का समर्थन प्राप्त है। निहारिका के नामांकन के दौरान कैप्टन खुद अपने बेटे के साथ मौजूद रहे और चुनाव प्रचार की कमान भी संभाल रखी है। वहीं राव इंद्रजीत सिंह भी अपने समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में लगातार जनसभाएं और प्रचार अभियान चला रहे हैं.

> धारूहेड़ा में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। यहां कांग्रेस ने कुमारी राज को उम्मीदवार बनाया है, जिन्हें कैप्टन खेमे का करीबी माना जाता है। वहीं भाजपा ने अजय जांगड़ा को मैदान में उतारा है, जो राव के विश्वासपात्र माने जाते हैं। इस पूरे चुनावी परिदृश्य में दिलचस्प बात यह है कि दोनों दलों के भीतर विरोधी गुट भी सक्रिय हैं, लेकिन उन्होंने खुलकर विरोध करने के बजाय चुप्पी साध रखी है। कई नेता अंदरखाने समीकरण साधने में जुटे हैं, जिससे मुकाबला और भी पेचीदा हो गया है। कुल मिलाकर, दक्षिण हरियाणा के ये निकाय चुनाव भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने वाले साबित हो सकते हैं.



## पंजाब रेल ट्रैक ब्लास्ट में 4 गिरफ्तार

**पटियाला, 28 अप्रैल.** पजाब के पटियाला जिले में रेलवे ट्रैक पर हुए धमाके के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके तार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और विदेशों में सक्रिय खालिस्तानी संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं। यह घटना सिर्फ एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि राज्य की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए गंभीर खतरे के रूप में देखी जा रही है.

# डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन

**देहरादून/रूद्रप्रयाग 28 अप्रैल. उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जनपद अंतर्गत स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की यात्रा इस वर्ष सफलता की नई मिसाल पेश कर रही है. यात्रा शुरू होने के मात्र पांच दिनों के भीतर ही डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं.**

बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल, हेलीकॉप्टर, डंडी-कंडी के साथ-साथ घोड़े-खच्चरों के माध्यम से धाम तक पहुंच रहे हैं, जिससे यात्रा सुगम और व्यवस्थित बनी हुई है. यह यात्रा घोड़ा-खच्चर के संचालन से काफी सुगम हुई है. इन घोड़ा खच्चरों के लिए 19 स्थानों पर गर्म पानी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत ने



बताया कि इस वर्ष 8,300 घोड़े-खच्चरों का फिटनेस परीक्षण किया गया है, जबकि 7,359 का डिजिटलीकरण कर पंजीकरण सुनिश्चित किया गया है. इन्हीं पंजीकृत पशुओं का उपयोग श्रद्धालुओं के आवागमन और माल ढुलाई में किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि 19 हजार श्रद्धालु इन सेवाओं का लाभ ले चुके हैं. पशुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए छह स्थानों पर अनवरत गर्म पानी की व्यवस्था की गई है, वहीं 13 स्थानों पर गीजर के माध्यम से गर्म पानी उपलब्ध कराया जा रहा है. उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की निगरानी के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है.

## नगर परिषद कार्यालय में दिनदहाड़े गोलीबारी

**सुल्तानगंज, भागलपुर 28** अप्रैल बिहार के सुल्तानगंज में नगर परिषद कार्यालय के अंदर हुई दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया है। अज्ञात अपराधियों ने बेखौफ होकर कार्यालय में घुसकर नगर सभापति राज कुमार गुड्डू और कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) कृष्णा भूषण कुमार को निशाना बनाया। ताबड़तोड़ फायरिंग में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से ईओ की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हमले ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिन के उजाले में सरकारी दफ्तर के भीतर इस तरह की वारदात ने लोगों में भय और आक्रोश दोनों पैदा कर दिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है.

# हिजबुल्लाह से खतरा पूरी तरह खत्म नहीं : नेतन्याह

**यरुशलम, इजरायल 28 अप्रैल .** मध्य पूर्व में एक बार फिर तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह से उत्पन्न खतरे को लेकर गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भले ही इजरायली सेना ने कई बड़े खतरों को खत्म कर दिया हो, लेकिन 122 मिमी रॉकेट और ड्रोन अब भी देश की सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। लेबनान सीमा पर सुरक्षा हालात को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक में नेतन्याहू ने सैन्य अधिकारियों से चर्चा की और चल रहे अभियानों की समीक्षा की। उन्होंने सेना की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इजरायल अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हर जरूरी कदम उठा रहा है। नेतन्याहू के अनुसार, इजरायली सेना ने लेबनान में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन चलाकर दुश्मन के बड़े हथियार सिस्टम को कमजोर किया है। उत्तरी इजरायल में एक सुरक्षित क्षेत्र भी तैयार किया गया है, जिससे घुसपैठ और एंटी-टैंक हमलों को रोकने में मदद मिल रही है। इसके बावजूद हिजबुल्लाह के पास मौजूद सीमित लेकिन खतरनाक हथियार अब भी चिंता का कारण बने हुए हैं। इजरायली रक्षा बल लगातार इन खतरों से निपटने के लिए सैन्य और तकनीकी दोनों स्तर पर काम कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि ड्रोन और आधुनिक हथियारों का उपयोग युद्ध के स्वरूप को बदल रहा है, जिससे सुरक्षा रणनीतियों को भी तेजी से अपडेट करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के पास किसी भी उभरते खतरे को तुरंत खत्म करने की क्षमता है और सेना को पूरी स्वतंत्रता दी गई है।


**भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड**
**RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD**

विज्ञापन सं. RBISB/BA/01/2026-27

**भारतीय रिज़र्व बैंक में ग्रेड 'बी' (सामान्य/आनीअवि/सांसूप्रवि) संवर्गों में (परिवीक्षाधीन) अधिकारियों के पदों पर सीधी भर्ती (सीभ) - पैनल वर्ष - 2026**

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं) में पैनल वर्ष - 2026 के लिए निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र.स. | पद का नाम | रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | ग्रेड 'बी' में अधिकारियों की सीधी भर्ती (सामान्य) | 40 |
| 2 | ग्रेड 'बी' में अधिकारियों (आनीअवि) आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग की सीधी भर्ती | 10 |
| 3 | ग्रेड 'बी' में अधिकारियों की (सांसूप्रवि) - सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग सीधी भर्ती | 10 |
| | कुल | 60 |

2. पात्रता मानदंड, रिक्तियों के आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन जमा करने और अन्य अनुदेशों जैसे अन्य सभी विवरणों के लिए कृपया **29 अप्रैल 2026** (संभावित) को बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in )** पर और दिनांक **02 मई 2026** के एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार अंक/अनुवर्ती अंक में प्रकाशित होने वाले विस्तृत विज्ञापन को देखें।

उम्मीदवार उपरोक्त पदों के लिए बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**3. महत्त्वपूर्ण तिथियां**:**

| | |
|---|---|
| आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क सूचना प्रभार के / भुगतान के लिए वेबसाइट का लिंक खुला रहेगा | **29 अप्रैल से 20 मई 2026 (शाम 06 बजे तक)** |
| ग्रेड 'बी' - सीधी भर्ती की चरण (सामान्य) I ऑनलाइन परीक्षा | **13 जून 2026** |
| ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) सीधी भर्ती की चरण-I ऑनलाइन परीक्षा - प्रश्नपतर) आनीअवि I और II) - प्रश्नपत्र) सांसूप्रवि / I) | **14 जून 2026** |
| ग्रेड 'बी' - सीधी भर्ती की चरण (सामान्य) II ऑनलाइन परीक्षा | **25 जुलाई 2026** |
| ग्रेड 'बी' (आनीअवि/सांसूप्रवि) सीधी भर्ती की चरण-II ऑनलाइन लिखित / - प्रश्नपत्र) आनीअवि - परीक्षा I और II) - प्रश्नपत्र) सांसूप्रवि II और III) | **26 जुलाई 2026** |

** बोर्ड इन तिथियों में किसी भी तरह के परिवर्तन का अधिकार रखता है।

**टिप्पणी:** उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में यदि कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है, तो उसे केवल बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर प्रकाशित किया जाएगा।


# जम्मू-कश्मीर को केंद्र से मिली बड़ी सौगात

**श्रीनगर/ नई दिल्ली, 28 अप्रैल.** जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण बुनियादी ढांचे, महिला सशक्तिकरण और कृषि-आधारित समृद्धि को आज बड़ा बल मिला, जब केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्रीनगर के एसकेआईसीसी में आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जम्मू-कश्मीर के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का पत्र मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को मंच पर ही सौंपा, साथ ही 24 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 4568 .23 करोड़ रुपये से अधिक की मदर सैंक्शन जारी की. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी, जम्मू-कश्मीर के कृषि, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, सहकारिता एवं चुनाव मंत्री जावेद अहमद डार, नेता प्रतिपक्ष सुनील कुमार शर्मा, सांसदगण, अनेक विधायक, केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव रोहित कंसल तथा जम्मू-कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान और दीदियों की उपस्थिति रही.

## मनीष सिसोदिया ने भी पेश होने से किया इनकार



**नई दिल्ली.** दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल के बाद अब दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को पत्र लिखकर सूचित किया है कि न तो वह और न ही उनके वकील उनकी अदालत में पेश होंगे. सिसोदिया ने अपने पत्र और सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूर्ण सम्मान के साथ, उनकी अंतरात्मा उन्हें वर्तमान परिस्थितियों में न्यायमूर्ति के समक्ष कार्यवाही में भाग लेना जारी रखने की अनुमति नहीं देती है. उन्होंने लिखा कि यह किसी व्यक्ति का सवाल नहीं है, बल्कि उस भरोसे का सवाल है जिस पर न्याय व्यवस्था टिकी है कि हर नागरिक को न केवल न्याय मिलना चाहिए, बल्कि न्याय होते हुए दिखना भी चाहिए. पूर्व उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका और संविधान में उनकी आस्था अटल है लेकिन जब मन में गंभीर संदेह पैदा होते हैं, तो केवल औपचारिक भागीदारी उचित नहीं होती. उन्होंने कहा कि इसलिए, मेरे पास सत्याग्रह के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है.


**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा म.प्र.**

आजाद भवन टाउन हॉल, एमजी रोड खण्डवा (1) पिन कोडः- 450001.

टेलीफोन/फैक्स नं. : 0733-2223523. Email ID : comkhanda@mpurban.gov.in

क्रमांक / भण्डार / 2026 / 20 खण्डवा, दिनांक 27/04/2026

**निविदा विज्ञप्ति**

नगर पालिक निगम खण्डवा अंतर्गत जलप्रदाय हेतु जल शुद्धिकरण हेतु आवश्यक सामग्री क्लोरीन सिलेंडर की व्यवस्था हेतु निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http:mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अर्नेस्टमनी | निविदा प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _503487_1 | जल वितरण विभाग अंतर्गत क्लोरीन गैस सिलेंडर (900 किलोग्राम) खाद्य सामग्री हेतु । | 12 लाख | 12,000/- | 2,000/- |

ऑनलाईन निविदा क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक - 25/05/26 (सायं 17:30 बजे तक) ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक - 27/05/2026 (प्रातः 10:30 बजे)

निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, खण्डवा



**कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर**

निविदा सूचना क्र / पी.डब्लू.डी / 2026-27/03 बुरहानपुर दिनांक : 28-04-2026

निविदा सूचना 2026-27

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | टेण्डर आई.डी. नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _503570_1 | शनवारा चौराहा से गणपति थाना मुख्य मार्ग के इलेक्ट्रीक पोल शिफटिंग का कार्य । | 2 माह 73.42 लाख | 5,000/- 55,000/- | 06-05-2026 |
| 2 | 2026_UAD _503571_1 | वार्ड क्र. 39 पांडारोल नाले पर होटल हाईराईस के पास स्थित पुलिया पर दोनों ओर सी. एन. सी. एम.एम. शिट लगाने का सौन्दर्यीकरण का कार्य । | 2 माह 16.76 लाख | 2,000/- 12,600/- | 06-05-2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है । उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा ।

सहायक आयुक्त
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर



**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./4245/22/D-12/NIT-Maint./2026 Bhopal, Dated : 28.04.2026

**NOTICE INVITING TENDER No. 379/MTN/2026**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

● **SSR Applicable : SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.**

● **Table-1: Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 5 YEAR)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Agar Malwa | 1 | 19934390.00 |
| 2. | Anuppur | 4 | 144602572.00 |
| 3. | Alirajpur | 1 | 20405084.00 |
| 4. | Betul | 5 | 130973110.00 |
| 5. | Dewas | 2 | 47755343.00 |
| 6. | Dhar | 1 | 2374697.00 |
| 7. | Guna | 1 | 36125233.00 |
| 8. | Harda | 1 | 22106176.00 |
| 9. | Mandsaur | 1 | 4584665.00 |
| 10. | Narmadapuram | 6 | 91904943.00 |
| 11. | Neemuch | 1 | 4325152.00 |
| 12. | Niwari | 1 | 11028617.00 |
| 13. | Raisen | 2 | 35645453.00 |
| 14. | Rajgarh | 5 | 97053745.00 |
| 15. | Rewa | 1 | 13627398.00 |
| 16. | Sagar | 1 | 30686026.00 |
| 17. | Sehore | 3 | 6024827.00 |
| 18. | Sheopur | 1 | 11930716.00 |
| 19. | Ujjain | 2 | 79462726.00 |
| 20. | Vidisha | 3 | 93030573.00 |

● **Table-2 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR TEN YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 10 YEAR)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Ashoknagar | 4 | 34621059.00 |
| 2. | Betul | 3 | 36340860.00 |
| 3. | Bhind | 1 | 9516549.00 |
| 4. | Burhanpur | 1 | 3456637.00 |
| 5. | Chhindwara | 1 | 13691605.00 |
| 6. | Damoh | 1 | 6234120.00 |
| 7. | Dindori | 1 | 16135301.00 |
| 8. | Guna | 3 | 64022944.00 |
| 9. | Jabalpur | 1 | 18042996.00 |
| 10. | Katni | 1 | 32631223.00 |
| 11. | Narmadapuram | 6 | 55752557.00 |
| 12. | Narsinghpur | 3 | 49840645.00 |
| 13. | Pandhurna | 1 | 16384754.00 |
| 14. | Panna | 1 | 12904854.00 |
| 15. | Raisen | 2 | 26535360.00 |
| 16. | Rajgarh | 2 | 24833637.00 |
| 17. | Sagar | 1 | 5269648.00 |
| 18. | Sehore | 8 | 58955035.00 |
| 19. | Seoni | 1 | 36477329.00 |
| 20. | Shivpuri | 1 | 3358770.00 |
| 21. | Sidhi | 2 | 54557700.00 |
| 23. | Singrauli | 1 | 17388832.00 |
| 24. | Ujjain | 1 | 24499950.00 |
| 25. | Vidisha | 1 | 14888193.00 |

● **Table-3 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIFTEEN YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA.**
**(POST 15 YEAR)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Betul | 9 | 180940454.00 |
| 2. | Chhindwara | 1 | 28387778.00 |
| 3. | Dhar | 2 | 38608338.00 |
| 4. | Dindori | 1 | 5254499.00 |
| 5. | Guna | 1 | 7123555.00 |
| 6. | Harda | 1 | 4154015.00 |
| 7. | Jhabua | 1 | 35158524.00 |
| 8. | Khargone | 2 | 31279186.00 |
| 9. | Narmadapuram | 3 | 30076052.00 |
| 10. | Raisen | 2 | 19244733.00 |
| 11. | Rajgarh | 2 | 42342051.00 |
| 12. | Sagar | 1 | 7032505.00 |
| 13. | Sehore | 1 | 16226055.00 |
| 14. | Seoni | 1 | 70372724.00 |
| 15. | Shajapur | 1 | 29256795.00 |
| 16. | Shivpuri | 1 | 11316781.00 |
| 17. | Singrauli | 1 | 69147813.00 |
| 18. | Ujjain | 1 | 23220909.00 |
| 19. | Vidisha | 6 | 45403535.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from 05.05.2026 from 17:30 hrs. and last date for online bid submission is 26.05.2026 (17:00 hrs.).
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. M./125540/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

'मेरी सड़क' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।